सिद्धार्थ विश्वविद्यालय

कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश–272202
ई–मेलः registrar@suksn.edu.in
वेबसाइटः www.suksn.edu.in
मोबाइल नम्बरः 6388907621

SIDDHARTH UNIVERSITY

Kapilvastu, Siddharth Nagar, U.P. 272202
E-Mail Id: registrar@suksn.edu.in
Website: www.suksn.edu.in
Mobile Number: 6388907621

पत्रांकः 480 / सा0प्र0 / सि0वि0वि0 / 2023

दिनांकः 13 / 09 / 2023

प्रतिमहत्वपूर्ण

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय– **प्रदेश के 17 नगर निगमों एवं जनपद गौतमबुद्धनगर में सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2561 / सत्तर–3–2023 दिनांक 11 सितम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रदेश के 17 नगर निगमों एवं जनपद गौतमबुद्धनगर में पूर्ण सेफ सिटी परियोजना परियोजना स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में शत–प्रतिशत सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने के निर्देश दिये गये है।

तद्क्रम में **विश्वविद्यालय तथा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के क्लासरूम, कॉरिडोर, प्रवेश एवं निकास द्वार तथा मुख्य मार्ग की तरफ सी0सी0टी0वी0 कैमरों का अधिष्ठापन करने एवं उसकी सूचना वांछित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।**

इस सम्बन्ध में उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए उसकी **आख्या आज ही शासन द्वारा मांगी गयी है।** तत्क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा एक गूगल फार्म का निर्माण प्रारूप के अनुसार किया गया है, जो निम्नवत् है–

https://forms.gle/UxnLDLhipm3pkV977

कृपया उक्त **गूगल फार्म में वांछित सूचना दिनांक 14.09.2023 अपराह्न 02 बजे** तक प्रत्येक दशा में पूरित किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्लक–यथोपरि।

भवदीय
13/09/23
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

E-mail: upshec@gmail.com,
upsheclko@yahoo.com

Phone : 0522-2287025
Website : www.upshec.com

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद,

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

पत्रांक 1005/रा०उ०शि०प० / 53/23
दिनांक 12 सितम्बर, 2023

सेवा में,

कुलसचिव
समस्त राज्य / निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

विषय:– प्रदेश के 17 नगर निगमों एवं जनपद गौतमबुद्धनगर में सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत सी०सी०टी०वी० कैमरे लगाये जाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 30.08.2023 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–2561 / सत्तर–3–2023 दिनांक 11 सितम्बर, 2023 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। प्रदेश के 17 नगर निगमों एवं जनपद गौतमबुद्धनगर में सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत सी०सी०टी०वी० कैमरे लगाये जाने के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के साथ समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में शत–प्रतिशत सीसीटीवी कैमरा लगाये जाने के निर्देश दिए गए है।

2– शैक्षणिक संस्थानों (समस्त सरकारी एवं प्राइवेट कालेजों / विश्वविद्यालयों) के क्लासरूम, कॉरिडोर, प्रवेश एवं निकास द्वारा तथा मुख्य मार्ग की तरफ सी.सी.टी.वी. कैमरों का अधिष्ठापन करने एवं उसकी सूचना निम्नलिखित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है:–

जनपद का नाम			विभाग का नाम				
			अधिष्ठापित कैमरों की संख्या				
क्र०सं०	शैक्षणिक संस्था का नाम	सरकारी / प्राइवेट	क्लासरूम	कॉरिडोर	प्रवेश द्वारा	निकास द्वारा	योग

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए उसकी अनुपालन आख्या **आज ही** उ०प्र० राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ई–मेल आई० upshec@gmail.com एवं उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के ई–मेल आई० hesection.3@gmai.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(डा० दिनेश कुमार)
अपर सचिव

श्री सत्यम दीक्षित
13/09/23

पत्रांक– / रा०उ०शि०प० / / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन एवं सदस्य सचिव, उ०प्र० राज्य उच्च शिक्षा परिषद को सदस्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।

(डॉ० दिनेश कुमार)
अपर सचिव।